**ले.प.प्रति.सं.-32/2018-19**

यह निरीक्षण प्रतिवेदन **जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्डस, अल्मोडा** द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्डस, अल्मोडा** के 11/2006 से 09/2018 तक के लेखा अभिलेखों की लेखापरीक्षा श्री ललित थपलियाल, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, एवं श्री शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ लेखापरीक्षक द्वारा दिनांक 08.10.2018 से 12.10.2018 तक सम्पादित की गयी।

**भाग-प्रथम**

1. **परिचयात्मक-** इस कार्यालय की विगत लेखापरीक्षा श्री **आर के शर्मा एवं श्री आई के जुयाल, अनुभाग अधिकारियों** द्वारा **28.11**.20**06** से **02.12**.20**06** तक सम्पन्न की गयी थी**,** जिसमे माह 0**5/1995** से **10**/20**06** तक के अभिलेखों की जांच की गयी।

वर्तमान लेखापरीक्षा में माह **11**/2006 से 09/2018 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

2. (i) इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्र- **जिला अल्मोडा**

(ii) (अ) विगत तीन वर्षों में बजट आवटन एवं व्यय की स्थिति निम्नव्त हैः-

**(रू लाख में)**

| | प्रारम्भिकअवशेष | | स्थापना | | गैरस्थापना | | आधिक्य(+) | बचत (-) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्थापना | गैर स्थापना | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | | |
| 2015-16 | - | - | 13.45 | 13.39 | 298.31 | 297.51 | . | . |
| 2016-17 | - | - | 14.31 | 12.76 | 315.62 | 303.08 | . | . |
| 2017-18 | - | - | 11.26 | 11.11 | 353.87 | 352.76 | . | . |
| 2018-19 (सितम्बर 2018 तक ) | - | - | 6.57 | 5.23 | 315.10 | 176.22 | . | . |

(ब)Autonomous Bodies विगत तीन वर्षों मे बजट आवटन एवं व्यय की स्थितिः निरंक।

(स) केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरणः- शून्य

(iii) इकाई को बजट आवंटन राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। गैरस्थापना व्यय को सम्मिलित न करते हुये इकाई "सी" श्रेणी की है।

विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत् हैः

| |
|---|
| **महानिदेशक होमगार्डस** |
| **डिप्टी कमाण्डेन्ट जनरल, होमगार्डस** |
| **वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी होमगार्डस** |
| **सहायक उपमहाषमादेष्टा, होमगार्डस** |
| **मण्डलीय कमाण्डेन्ट, होमगार्डस** |
| **जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्डस** |

(iv) लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः लेखापरीक्षा में **जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्डस, अल्मोडा** की लेखापरीक्षा में लेन-देन-कम-अनुपालन को आच्दादित किया गया। समस्त स्वाधीन आहरण एव वितरण अधिकारियों के निरीक्षण प्रतिवेदन पृथक-पृथक जारी किये जा रहे है। यह निरीक्षण प्रतिवेदन **जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्डस, अल्मोडा** की लेखापरीखा में पाये गये निष्कर्षों पर आधारित है। माह 02/2010, 06/2010, 05/2015, 11/2016, 05/2017 एवं 06/2018 को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया।

(v) लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाये गये भारत के नियन्त्रक महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा शर्ते) अधिनियम, 1971 (डी.पी.सी. एक्ट, 1971) की धारा 13 एवं 16 लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

**भाग-2 "अ"**

-----------------------------------शून्य-----------------------------------

**<u>भाग-दो ‘ब‘</u>**

**<u>प्रस्तरः1-</u> स्वयं सेवको को कल्याण कोष से सहायता का लम्बित रहना रू0 2.00 लाख।**

कार्यालय मे स्वय सेवको की कल्याण कोष की पत्रावली एवं अभिलेखो की जाँच मे पाया गया कि **2** स्वय सेवको **के** प्रकरण (**2** सेवा **पृथक**) को आर्थिक सहायता **(रू0 एक लाख प्रति स्वंय सेवक)** हेतु निस्तारित नहीं किया गया है जिस कारण से स्वयं सेवकों को आर्थिक सहायता मिलने मे विलम्ब हुआ है।

लेखापरीक्षा द्वारा इकाई का ध्यान इस ओर आकृष्ट किए जाने पर अवगत कराया गया कि कल्याण कोष से संबन्धित दोनों प्रकरण मुख्यालय स्तर पर लम्बित है एवं इस सम्बन्ध में अनुस्मारक प्रेषित किया जाएगा।

इकाई का उत्तर स्वतः ही लेखापरीक्षा के दावे की पुष्टि करता है तथा विभागीय शिथिलता एवं उदासीनता को दर्शाता है।

प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है।

**भाग-दो 'ब'**

**प्रस्तरः2- स्वीकृत नियतन के सापेक्ष वैतनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के पदो का रिक्त रहना।**

कार्यालय, जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्डस, अल्मोडा के वैतनिक अधिकारियों/ कर्मचारियों के स्वीकृत नियतन से सम्बंधित अभिलेखों की जांच में पाया गया कि 09- वैतनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के स्वीकृत नियतन के सापेक्ष 08 पद रिक्त है, जैसा कि निम्न तालिका से स्पष्ट हैः-

| **क्र0सं0** | **पदनाम** | **स्वीकृत संख्या** | **उपलब्धता** | **रिक्तियां** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला कमाण्डेन्ट | 01 | - | 01 |
| 2 | प्रशासनिक अधिकारी | 01 | 01 | - |
| 3. | प्रधान सहायक | 01 | . | 01 |
| 4. | वरिष्ठ सहायक | 01 | . | 01 |
| 5. | वैतनिक प्लाटून कमांडर | 02 | - | 02 |
| 6. | वाहन चालक | 01 | - | 01 |
| 7. | चतुर्थ श्रेणी | 02 | - | 02 |
| | **योग** | 09 | 01 | 08 |

1. **होमगार्डस**

| क्र.सं. | पदनाम | स्वीकृत संख्या | उपलब्धता | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | होमगार्डस स्वयं सेवक | 512(ग्रामीण-352, शहरी-160) | 309 (ग्रामीण-184, शहरी-125) | 203 (ग्रामीण-168,शहरी-35) |

2. **होमगार्डस अवैतनिक अधिकारी**

| क्र.सं. | पदनाम | स्वीकृत संख्या | उपलब्धता | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अवैतनिक कंपनी कमांडर | 16(ग्रामीण-11, शहरी-05) | 13 (ग्रामीण-08, शहरी-05) | 03 (ग्रामीण-03) |

कार्यालय में कुल स्वीकृत नियतन के सापेक्ष मात्र एक वैतनिक कर्मचारी (प्रशासनिक अधिकारी) कार्यरत है, इसके अतिरिक्त कार्यालय में भी रिक्तता के कारण कार्यालय का कार्य विभिन्न स्तरों पर प्रभावित हो रहा है। होमगार्डस स्वयं सेवको की स्वीकृत नियतन के सापेक्ष उपलब्धता न होने के

कारण होमगार्डस को विभिन्न कार्यो हेतु तैनाती प्रतिष्ठानों, संस्थानों, का कार्य समुचित रूप से नहीं हो पा रहा है। जिससे शान्ति व्यवस्था का कार्य प्रभावित होना स्वाभाविक है। इसी प्रकार अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर का प्रमुख कार्य उनके अधीन होमगार्डस का प्रबन्धन करना तथा होमगार्डस के कार्यो का पर्यवेक्षण करना होता है। इन पदों में रिक्तता के कारण होमगार्डस का प्रबन्धन एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो का पर्यवेक्षण प्रभावित हो रहा है।

लेखापरीक्षा द्वारा उक्त आपत्ति के सम्बंध में इंगित करने पर इकाई ने अपने उत्तर में बताया कि होमगार्डस मुख्यालय को प्रत्येक माह मासिक सूचना में रिक्तियों की सूचना प्रेषित की जा रही है, तथा रिक्तियां भरने सम्बन्धी कार्य मुख्यालय स्तर पर है।

उत्तर मान्य नही है स्वीकृत नियतन के सापेक्ष मात्र एक वैतनिक कर्मचारी व 512 होमगार्डस के सापेक्ष 309 होमगार्डस तथा 16 अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर के सापेक्ष 13 अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर की नियुक्ति होने के कारण शान्ति व्यवस्था तथा कार्यालय का कार्य अत्यधिक प्रभावित हो रहा है।

प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है।

**भाग-III**

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण-

| **निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या** | **भाग-2 'अ' प्रस्तर संख्या** | **भाग-2 'ब' प्रस्तर संख्या** | **STAN** |
|---|---|---|---|
| 177/2006-07 | शून्य | प्रस्तर-1, 2, 3 | शून्य |

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः-

| **निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या** | **प्रस्तर संख्या** | **अनुपालन आख्या** | **लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी** | **अभ्युक्ति** |
|---|---|---|---|---|
| 177/2006-07 | प्रस्तर-1, 2, 3 | शून्य | विभाग द्वारा सूचित किया गया कि अनुपालन आख्या शीध्र ही महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित की जाएगी। | |
| | | | | |

# **भाग-IV**

**इकाई के सर्वोतम कार्यः-शून्य-**

**भाग-V**

**आभार**

1- कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनाएं उपलब्ध कराने हेतु **जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्डस, अल्मोडा** तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है।

तथापि लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः-**शून्य**

2- सतत् अनियमिततायेः-शून्य

लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयाध्यक्ष व आहरण एवं वितरण अधिकारी का कार्यभार वहन किया गया-

| क्र.स. | अधिकारी का नाम | कब से कब तक |
|---|---|---|
| 2006 से 02-03-2009 तक अधिकारी चार्ज आदान -प्रदान संबन्धी पत्रावली अभिलेखों में उपलब्ध नहीं है। | | |
| 1 | श्री के0सी0एस0 बिष्ट | 02-03-2009 से 05-03-2010 तक |
| 2 | श्री अभिताभ श्रीवास्तव | 06-03-2010 से 18-07-2011 तक अतिरिक्त प्रभार |
| 3 | श्री नरेन्द्र सिंह क्वीरियाल | 19-07-2011 से 11-10-2011 तक अतिरिक्त प्रभार |
| 4 | श्री अजय अरोरा | 12-10-2011 से 20-03-2012 तक अतिरिक्त प्रभार |
| 5 | कु0सोनिका | 21-03-2012 से 16-05-2012 तक अतिरिक्त प्रभार |
| 6 | श्री अजय अरोरा | 17-05-2012 से 17-07-2013 तक अतिरिक्त प्रभार |
| 7 | श्रीमती रिंकू बिष्ट | 18-07-2013 से 01-09-2014 तक अतिरिक्त प्रभार |
| 8 | श्री दयानन्द सरस्वती | 01-09-2014 से 06-01-2015 तक अतिरिक्त प्रभार |
| 9 | श्री दीपक पन्त | 06-01-2015 से 18-02-2015 तक अतिरिक्त प्रभार |
| 10 | श्री ललित मोहन जोशी | 19-02-2015 से 25-04-2015 तक अतिरिक्त प्रभार |
| 11 | श्री मदन मोहन पाठक | 25-04-2015 से 22-01-2016 तक अतिरिक्त प्रभार |
| 12 | श्रीमती रिंकू बिष्ट | 22-01-2016 से 27-03-2016 तक अतिरिक्त प्रभार |
| 13 | श्री विवेक राय | 27-03-2016 से वर्तमान तक अतिरिक्त प्रभार |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति **जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्डस, अल्मोडा** को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे उपमहालेखाकार/सामान्य क्षेत्र को प्रेषित कर दी जाय।

**लेखापरीक्षा अधिकारी**

**सामान्य क्षेत्र**